(c) the assistance given for these projects during the last three years, year-wise?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RURAL AREAS & EMPLOYMENT (DEPARTMENT OF RURAL DEVELOPMENT (SHRI UTTAMBHAI PATEL): (a) The scheme of TRYSEM (Training of Rural Youth for Self Employment) is being implemented in the entire State of Gujarat and the Central Share of funds are released for the State as a whole and not Districtwise. The assistance to the State is provided on 50:50 basis.

(b) and (c) Physical and financial progress of the Scheme during the last three years in the State of Gujarat is indicated as under:

Year	No. of trained youth self employed	Central Assistance released (in lakh)
1992-93	4168	102.65
1993-94	3382	157.24
1994-95	2876 (upto Feb. 1995)	195.67

गुजरात में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने की योजना

6510. **श्री अनन्तराय देवशंकर दवे:**
श्री चिमनभाई हरिभाई शुक्ल:

क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या केन्द्रीय सरकार आठवीं पंचवर्षीय योजना के अन्त तक गुजरात में स्वच्छ पेयजल का कम से कम एक स्त्रोत उपलब्ध कराने का विचार रखती है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी, जिलावार, ब्यौरा क्या है; और

(ग) राज्य में अनुमानत: प्रतिदिन प्रति व्यक्ति कितने पेयजल की आवश्यकता होती है?

ग्रामीण क्षेत्र और रोजगार मंत्रालय (ग्रामीण विकास विभाग) में राज्य मंत्री (श्री उत्तमभाई पटेल): (क) जी हां।

(ख) योजनाओं की जिला-वार आयोजना और कार्यान्वयन राज्य स्तर पर किया जाता है।

(ग) वर्तमान मानदण्ड 40 लिटर प्रतिदिन प्रति व्यक्ति स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने का है।

गुजरात में ट्राइसेम कार्यक्रम की उपलब्धियां

6511. **श्री गोपाल सिंह जी० सोलंकी:** क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) गत तीन वर्षों में गुजरात के बड़ोदरा, भरुच, सूरत, अहमदाबाद और पंचमहाल जिलों में ट्राइसेम कार्यक्रम की क्या उपलब्धियां रही हैं;

(ख) क्या सरकार ने उक्त जिलों में इस कार्यक्रम की कोई समीक्षा की है; और

(ग) यदि हां, तो उसके क्या परिणाम निकले है और उक्त जिलों में इन कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से चलाने के लिये क्या दिशानिर्देश जारी किये गये है?

ग्रामीण क्षेत्र और रोजगार मंत्रालय (ग्रामीण विकास विभाग) में राज्य मंत्री (श्री उत्तमभाई पटेल): (क) ट्राइसेम कार्यक्रम राज्यों/संघ शासित क्षेत्रों जो अपनी समग्र उपलब्धियों को पूरे राज्य/संघ शासित क्षेत्र के लिए भेजते हैं न कि जिलावार, की मार्फत कार्यान्वित किया जा रहा है। गुजरात राज्य में गत 3 वर्षों के दौरान ट्राइसेम कार्यक्रम की उपलब्धियां संलग्न विवरण में दी गई है।

(ख) ट्राइसेम कार्यक्रम के कार्यान्वयन का प्रभावी ढंग से मूल्यांकन करने के लिए जून से अगस्त 1993 के दौरान 10 राज्यों में "ट्राइसेम का शीघ्र मूल्यांकन" कराया गया था। उपरोक्त मूल्यांकन के अंतर्गत गुजरात राज्य के चार जिलों अर्थात बनासकांठा भड़ौच, डांग और सुरेन्द्रनगर को कवर किया गया था। गुजरात राज्य में मूल्यांकन के मुख्य निष्कर्ष नीचे दिए गए हैं:—

(1) गुजरात राज्य में छोटे स्तर पर क्षेत्र दक्षता सर्वेक्षण करवाया गया था।

(2) ट्राइसेम प्रशिक्षण के बाद सामाजिक आर्थिक परिस्थितियों में सुधार के आधार पर लाभार्थियों का प्रतिशत वितरण 17.50 प्रतिशत था।